भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2388

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में तटीय राजमार्ग का निर्माण

2388. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में तटीय राजमार्ग के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में तटीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अब तक कितनी निधि आवंटित और जारी की गई है;

(ग) इन परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की उम्मीद है;

(घ) क्या किसी परियोजना में देरी हुई है और यदि हां, तो इसमें देरी के क्या कारण हैं; और

(ङ) देरी के कारण ऐसी परियोजनाओं में लागत में वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) आंध्र प्रदेश राज्य में कोई विशेष रूप से तटीय राजमार्ग घोषित नहीं है। तथापि, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-216 आंध्र प्रदेश राज्य के तटीय जिलों से होकर गुजरता है। आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-216 के विकास की स्थिति, स्वीकृत लागत, व्यय, पूर्णता की स्थिति और चल रही परियोजनाओं में देरी के कारण आदि का परियोजनावार विवरण संलग्न है।

(ड.) यदि देरी ठेकेदार के कारण नहीं होती है, तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार मूल्य वृद्धि का भुगतान किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त लागत हो सकती है या नहीं भी हो सकती है, यह परियोजना के वास्तविक समापन और बिलों के अंतिम निपटान पर निर्धारित मूल्य वृद्धि के अंतिम मूल्य पर निर्भर करता है। यदि देरी ठेकेदार के कारण होती है, तो हर्जाना लगाया जाता है और देरी के कारण कोई अतिरिक्त लागत नहीं होती है।

अनुबंध

"आंध्र प्रदेश में तटीय राजमार्ग का निर्माण" के संबंध में श्री वाईएस अविनाश रेड्डी द्वारा दिनांक 13.03.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2388 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आंध्र प्रदेश राज्य में एनएच-216 के विकास की स्थिति

क्र. स.	**परियोजना का नाम**	**लंबाई (किमी में)**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)**	**व्यय (करोड़ रुपए में)**	**निर्धारित/संशोधित/वास्तविक समापन तिथि**	**वर्तमान वास्तविक प्रगति**	**विलंब के कारण, यदि विलंब हुआ है तो**
1	काठीपुडी - एनएच-214 (नया एनएच-216) (काकीनाडा बाईपास) के किमी 0+000 से किमी 26+150 तक काकीनाडा बाईपास खंड की शुरुआत, पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन तक	27.50	480.21	390.57	28.03.2019	पूर्ण	-
2	एनएच-214 (नया एनएच-216) (काकीनाडा बाईपास) पर किमी 26+150 से किमी 41+161 तक तिम्मापुरम-गुराजनपल्ली खंड का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	19.23	432.91	387.59	31.07.2025	90%	आर.ओ.बी. के डिजाइन और ड्राइंग के अनुमोदन में देरी। गहरे भू-सुधार के कारण आर.ई. दीवार के डिजाइन में बदलाव कोविड-19 का प्रकोप

3	एनएच-214 (नया एनएच-216) के गुरजनापल्ली गांव-पोलेकुरु गांव खंड का किमी 41/161 से किमी 59/800 (डिजाइन चैनेज 45+000 से 63+540) तक और कोमागिरी-पासरलापुडी खंड किमी 70/400 से किमी 105/170 (डिजाइन चैनेज 74+165 से चैनेज 106+000) तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	50.38	355.69	322.26	27.04.2023	पूर्ण	-
4	एनएच-216 (पुराना एनएच-214) के पोलेकुरु से कोमारागिरी खंड का किमी.59/800 से किमी.70/400 तक (किमी.63/540 से किमी.74+165 तक डिजाइन चैनेज) पुनर्वास और पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन का उन्नयन	10.63	86.27	74.68	18.12.2021	पूर्ण	-
5	एनएच-214 (नया एनएच-216) के किमी 105/170 से किमी 126/510 तक पसरलापुडी से ढिंडी खंड का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का पुनर्वास और	20.82	335.67	258.26	31.05.2025	90%	भूमि सौंपने में देरी आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा रेत खनन पर प्रतिबंध के कारण देरी

	उन्नयन						कोविड-19 का प्रकोप
6	एनएच-214 (एनएच 216) के किमी 126/510 से किमी 135/740 तक डिंडी-दिगामारु खंड का पुनर्वास और उन्नयन और एनएच 214ए (एनएच 216) के किमी 0/000 से किमी 34/230 तक दिगामारु-लोसारी खंड को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में पुनर्वास और उन्नयन	42.12	415.22	364.86	07.09.2023	पूर्ण	-
7	एनएच-214ए (नया एनएच-216) के किमी 34.230 से किमी 84.550 तक लोसारी से मचावरम खंड का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	49.40	459.37	427.14	27.12.2022	पूर्ण	-
8	एनएच-214 ए (नया एनएच-216) के किमी 82+300 से किमी 116+700 (किमी 84/550 से 124/200 तक विद्यमान) तक मछलीपट्टनम से अवनीगड्डा खंड का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	34.76	433.88	408.95	28.07.2023	पूर्ण	-

9	एनएच-214ए (नया एनएच-216) के किमी 122/725 से किमी 184/855 (किमी 129/927 से किमी 195/000 तक विद्यमान) तक रेपल्ले से ईप्पुरपालेम खंड का पेव्ड शोल्डरसहित दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	62.13	785.65	733.71	30.09.2024	पूर्ण	-
10	एनएच-214 ए (नया एनएच-216) के किमी.195.000 से किमी.254.000 (ईपुरपालेम-ओंगोल खंड) तक पेव्ड शोल्डरके साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन	57.87	574.19	520.49	19.08.2019	पूर्ण	-

*****